# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 15.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी राज कुमार गोयल को आज मुख्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलायी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

*********************

संसद के शीतकालीन सत्र के तीसरे सप्ताह का आज पहला दिन है। सदन में आज कई विधायी कार्य सूचीबद्ध हैं। राज्यसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा भी होनी है। इधर लोकसभा में हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दिल्ली में कांग्रेस द्वारा आयोजित रैली के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल पर कांग्रेस से माफी की मांग की।

*********************

राज्य में इस बार मॉनसून की मेहरबानी से धान का बम्पर उत्पादन हुआ है। सरकार की ओर से आज से राज्य के सात सौ तिरासी केन्द्रों के माध्यम से किसानों से धान खरीदारी की जा रही है। सरकार ने बोनस सहित धान का एमएसपी चौबीस सौ पचास रूपये प्रतिक्विंटल तय किया गया है। खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने सुचारू तरीके से धान क्रय पर बल देते हुए बताया कि इस बार किसानों को अड़तालीस घंटे में एकमुश्त राशि का भुगतान किया जाएगा। सरकार के लिए अन्नदाताओं का हित सर्वोपरि है। इधर सरकार की इस पहल से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।

*********************

बाल विवाह मुक्त झारखंड अभियान को लेकर आज कोडरमा में उपायुक्त ऋतुराज ने जागरूकता रथ को रवाना कियाा। यह जागरूकता रथ विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण करते हुए बाल विवाह मुक्त झारखंड झारखंड के निर्माण को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। इस मौके पर स्कूली छात्राओं ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर मानव श्रृंखला के रूप में एक रैली भी निकाली और बाल विवाह मुक्त झारखंड अभियान का नारा लगाकर लोगों को जागरुक भी किया।

*********************

रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड के कुंदरिया गांव में इन दिनों जंगली हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। हाथियों के झुंड ने पिछले दिनों गांव के एक सरकारी स्कूल में जमकर उत्पात मचाया और मिड–डे मील के लिए रखे चावल को खा गये। जंगली हाथियों के डर के कई बच्चे स्कूल आने से कतरा रहे हैं। जिला खनन पदाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच टॉर्च का वितरण किया जा रहा है और सकारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं।

*********************

बोकारो स्टील प्लांट ने उत्पादन के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। स्टील प्लांट ने नॉन ग्रेन ओरिएंटेड इलेक्ट्रिकल स्टील का विकास किया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

*********************

रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में पूर्वी जोन बैंड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान ग्यारह राज्यों से आये पाइप और ब्रास बैंड की स्कूली टीमों ने लय और ताल का अद्भुत प्रदर्शन किया। यह बैंड प्रतियोगिता रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अंतर्गत आयोजित की जाती है। विजेता टीम को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता में भाग लेने का गौरव प्राप्त होता है। पिछले वर्ष झारखंड की बैंड टीम को यह अवसर मिला था।

*******समाप्त*******